# लोको पायलट की साइन आन से साइन आफ तक ड्यूटी

## ड्यूटी पर आने से पूर्व

- पूर्ण विश्राम करें।
- ड्यूटी पर आने के 8 घंटे पूर्व से लेकर ड्यूटी पर/रेलवे परिसर मे पर रहने तक नशील
- पदार्थ या नींद आने वाली दवाओं का सेवन न करे।
- सुनिश्चित करे कि आपको जिस मार्ग पर गाड़ी चलानी है उसका पूर्ण ज्ञान है।
- नियम पुस्तकें पूर्ण हैं, उनमे अन्तिम शुद्धि पर्ची लगी हुई हैं तथा आपको नियमो का पूरा ज्ञान है।
- आपके उपकरण पूर्ण हैं।
- आपके सक्षमता प्रमाण पत्रो की अवधि समाप्त नहीं हुई है।

## ड्यूटी पर आने के बाद

- निर्धारित समय से ड्यूटी पर आवे व ब्रिथलाइजर टेस्ट करे।
- संरक्षा बुलेटिनो , संरक्षा परिपत्रों इत्यादि को पढ़कर उन पर हस्ताक्षर करे।
- जिन सेक्शन मे जाना है, उसके गति प्रतिबन्धों को नोट करे व हस्ताक्षर करे।
- इलेक्ट्रिफाइड सेक्शन मे जाने से पूर्व पोर्टे बल टेलीफोन प्राप्त कर उसकी कार्यशीलता की जाँच करे।
- पिछले लोको पायलट द्वारा अनियमितता रजिस्टर में की गई प्रविष्टियों को नोट करे।
- अपने सहायक लोको पायलट के सक्षमता प्रमाण पत्र आदि की जाँच करे।
- लोकोमोटिव की निम्नलिखित जाँचें करे -
- हैड लाइट, मार्कर लाइट, फ्लैशर लाइट, सीटी, स्पीडोमीटर आदि की जाँच करे।
- इंजन के निम्नलिखित टेस्ट करें - ए-9, एसए-9, विजीलेंस टेस्ट, रेती टेस्ट, आरपीएम टेस्ट, डायनामिक ब्रेक टेस्ट, ब्रेक पावर टेस्ट आदि।
- बेट्री चार्ज हो रही है, इसकी जाँच करे।
- इंजन फ्यूल, ल्यूब आॅयल, गवर्नर आॅयल एव पानी के लेवल की जाँच करे ।
- टायरों की, फ्लेंजो की, स्प्रिंगों की एव कट आउट काॅक की स्थिति की जाँच करे ।
- जाँच करे कि कोई लटकता हुआ पुर्जा नहीं है।
- चैन कपलिंग व सी.बी.सी. कपलर की जाँच करे।
- इंजन के शेड्यूल रिपेयर की अवधि समाप्त नहीं हुई है यह सुनिश्चित करे।
- पहले की बुक की गई मरम्मत कर दी गई है, इसकी जाँच करे।
- ब्रेक नियंत्रण पद्धति में माप घड़ी, फ्यूल प्रेशर, ल्यूब आॅयल प्रेशर घड़ी बराबर है, इसकी जाँच करे।
- स्पीडोमीटर चार्ट की व्यवस्था सही प्रकार से कार्य कर रही है।

## गाड़ी रवाना करने से पूर्व

- गाड़ी पर इंजन बिना झटका लगाए जोडे ।
- गाड़ी व इंजन के कपलिंग बराबर लगे हुए है , इसे सुनिश्चित करे ।
- निर्धारित मात्रा मे  वैक्यूम/एयर प्रेशर बनना सुनिश्चित करे ।
- कार्य न करने वाले सिलेन्डरों की जाँच करे । यह सुनिश्चित करे  कि वे निर्धारित प्रतिशत से अधिक न हो। दिए गए सतर्कता आदेश की जाँच करे ।
- एयर ब्रेक की गाड़ी का कन्टीन्यूटी टस्ट करें।
- गाड़ी के भार, डिब्बे, टन भार, पाइप्ड वैगन आदि की जानकारी रखे ।
- सुनिश्चित करे  कि सही लाइन लगा दी गई है व सही प्रस्थान सिगनल आॅफ कर दिए गए हैं। सही प्रस्थान आदेश मिलने पर गार्ड का संकेत लेकर गाड़ी रवाना करे ।

यात्रा   के      दौरान

- प्रथम ब्लाॅक सेक्शन में ब्रेक पावर की जाँच करे ।
- सभी गति प्रतिबन्धों का कड़ाई से पालन करे ।,
- गाड़ी की निर्धारित गति से अधिक गति से गाड़ी न चलाएं।
- केवल सही व उचित दिखाई देने वाले सिगनलो  का ही पालन करे  एवं अपने सहायक लोको पायलट के साथ सही सिगनलों के संकेतों को पुकारें। (काॅल आउट)
- धुध, कोहरे एवं अन्य किसी कारण से मौसम साफ न हो तो गाड़ी की हैड लाइट व मार्कर लाइट को जला दे  एव  सीटी का स्वतंत्रता से उपयोग करते हुए चलें।
- आँधी या तूफानी मौसम हो तो गाड़ी को सुरक्षित स्थान पर खड़ी कर दें एवं सवारी गाड़ी हो तो डिब्बों के खिड़की व दरवाजे खुलवा दें तथा नियमानुसार गाड़ी का पटाखे लगाकर बचाव करवाएं।
- बार-बार पीछे देखें व सुनिश्चित करे  कि आपकी गाड़ी पूरी व सुरक्षित चल रही है।
- गार्ड व स्टेशन कर्मचारियों से जहाँ आवश्यक हो, संकेतों का आदान प्रदान करे ।
- गोलाई, कटिंग, सुरंग व बिना गेटमेन वाले समपार के नजदीक पहुँचते समय लगातार लम्बी सीटी बजाएं। समपार फाटक से गुजरने के बाद पीछे मुड़कर देखें कि गेटमेन कोई संकेत तो नहीं दिखा रहा है।
- रेल मार्ग की खराबियों, सिगनलों की खराबियों के बारे मे  स्टेशन मास्टर को सूचित करे ।
- डबल लाइन या मल्टीपल लाइन सेक्शन पर जब गाड़ी खड़ी हो जाए और कारण ज्ञात न हो तो तुरन्त फ्लैशर लाइट को जला दें।
- इंजन मे  अनाधिकृत व्यक्तियों को न ले जाएं।
- गाड़ी संचालन के दौरान किसी से बातचीत न करे ।
- गाड़ी चलाते व रोकते समय झटका न लगने दें।
- जब आपकी गाड़ी क्राॅसिंग या प्राथमिकता देने के कारण किसी स्टेशन पर खड़ी की जाती है तो यह सुनिश्चित करे  कि फाउलिंग मार्क साफ है। जब आप अन्यथा किसी कार्य मे  व्यस्त न हो  तो सुनिश्चित करे  कि सामने से आने वाली गाड़ी के लिए होने वाला संचालन सुरक्षित है।
- दुर्घटना, रुकावट, इंजन फेल या अन्य किसी भी कारण से गाड़ी आगे न जा सके तो नियमानुसार गाड़ी का बचाव करवाएं।
- चालू इंजन को अकेला न छोड़ ।

- अपने मोबाइल फोन को स्विच आॅफ करके बैग या बाॅक्स मे रखे । केवल आपात स्थिति मे ही इसे प्रयोग में ले।

<u>यात्रा समाप्त होने पर</u>

- इंजन का परीक्षण करें और इंजन की मरम्मत पुस्तक मे इंजन की मरम्मत बुक करे ।
- सिगनल जो यात्रा के दौरान सही नहीं दिख रहे थे, सिगनलों की अस्पष्ट दृश्यता, सिगनलो को देखने की अपर्याप्त दूरी के बारे मे निर्धारित पुस्तक मे लिखे ।
- ड्यूटी से आॅफ होते समय यात्रा के दौरान कोई भी असामान्य घटना हुई हो तो उसे निर्धारित रजिस्टर मे दर्ज करें।

==============================

## गार्ड की साइन आन से साइन आफ तक ड्यूटी

<u>गाड़ी का चार्ज संभालनेसे पूर्व एव संभालते समय</u>

- पूर्ण विश्राम कर लेना चाहिए।
- ड्यूटी पर आने से आठ घंटे पहले से लेकर ड्यूटी पर/रेलवे परिसर मे रहते समय तक किसी नशीले पदार्थ का सेवन नहीं करना चाहिए।
- गाड़ी के निर्धारित समय पर यूनिफाॅर्म मे ड्यूटी पर उपस्थित होना चाहिए तथा ‘क्योस्क’ कम्प्यूटर/आॅन ड्यूटी रजिस्टर मे प्रविष्टि कर आॅन ड्यूटी होगा।
- इसके साथ-साथ चश्मा रजिस्टर, नियम आदेश रजिस्टर, संरक्षा परिपत्र आदि मे हस्ताक्षर करने चाहिए तथा अपनी घड़ी कन्ट्रोल व स्टेशन की घड़ी से मिला लेनी चाहिए।
- आॅन ड्यूटी हो जाने के बाद यह देखना चाहिए कि सभी डिब्बों के कपलिंग सही लगे हुए हैं एवं हैंड ब्रेक उठाए हुए हैं व रिलीज पोजीशन में है।
- गाड़ी व्हीकल गाइडेस के अनुसार बराबर है और मार्शलिंग नियमानुसार बनाई गई है, इसे चैक कर लेना चाहिए।
- ब्रेक पावर की जाँच कर लेनी चाहिए।
- यदि सवारी गाड़ी हो तो डिब्बों की खिड़कियाँ, दरवाजे व पंखे चालू हालत मे है या नहीं यह देखना चाहिए तथा मालगाड़ियों के वैगनो के दरवाजे बंद होने चाहिए।,
- अन्तिम डिब्बे के पीछे दिन मे टेल बोर्ड और रात मे या धुंध कोहरे आदि के मौसम मे टेल लैमप लगाना चाहिए।
- सवारी गाड़ी के डिब्बो मे पानी आ रहा है या नहीं, इसे चैक कर लेना चाहिए।
- इन्टर-काॅम्यूनिकेशन साधन चालू है यह सुनिश्चित करना चाहिए।
- भरे हुए वैगन सही प्रकार से सील लगे हुए तथा रिविट किए गए हैं या नहीं, इसे चैक करना चाहिए।
- संरक्षा लेबल बराबर लगे हुए हैं या नहीं, इसे चैक करना चाहिए।
- खाली वैगनो को व्यक्तिगत रूप से चैक कर लेना चाहिए।

- गार्ड के उपकरण तथा ब्रेकवान के उपकरण बराबर होने चाहिए।
- नियम पुस्तकें पूर्ण है, उनमे  अन्तिम शुद्धि पर्ची लगी हुई है तथा उनका ज्ञान है यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए।
- सक्षमता प्रमाण पत्रो  की अवधि समाप्त नहीं हुई है यह देख लेना चाहिए।
- ओ.डी.सी. वैगन, डैमेज वैगन, क्रेन, डेड इंजन या पशुधन के डिब्बे यदि गाड़ी में लगे हुए हो  तो उनके साथ अटेन्डेट होना चाहिए।
- आग बुझाने वाला उपकरण, ई.टी.एल. बाॅक्स, पोर्टेबल टेलीफोन व वाॅकी-टाॅकी की जाँच कर लेनी चाहिए कि वे कार्यस्थिति मे  हैं।
- यात्री गाड़ी हो तो पार्सल आदि का चार्ज ले लेना चाहिए।
- यात्री गाड़ी का गार्ड गाड़ी को रवाना करने से पहले यह सुनिश्चित करेगा कि कोचो के अन्तराल रास्ते यात्रियों के लिए असुरक्षित नहीं हैं। यदि कोई अन्तराल रास्ता असुरक्षित हो तो उसके दरवाजे बन्द व लाॅक करवा दिए गए हैं। इसी प्रकार यदि एस.एल.आर./एल. आर के पीछे कोई वेस्टीब्यूल कोच लगाया गया हो और गाड़ी के अनत में वेस्टीब्यूल दरवाजा हो तो गाड़ी परीक्षक द्वारा ब्रेक पावर प्रमाण पत्र पर इस बात का पृष्ठांकन किया जाना चाहिए कि दरवाजा बन्द व लाॅक किया हुआ है व यात्रियों के लिए असुरक्षित नहीं है। इसे सुनिश्चित करने की जवाबदारी गार्ड की है।

## यात्रा के दौरान

- यदि यात्री गाड़ी हो तो उसमे  कंडक्टर न आया हो तो यात्रियों की समस्याओं का निवारण करना चाहिए।
- यह देखना चाहिए कि गाड़ी सही लाइन पर व सही तरीके से चल रही है।
- समय पर आगे व पीछे देखते रहना चाहिए व हमेशा सतर्क रहना चाहिए।
- समय पर टेल लैम्प टेल बोर्ड  की जाँच करनी चाहिए।
- लोको पायलट द्वारा बजाई जाने वाली सीटियों को समझकर उसके अनुसार सही कार्यवाही करनी चाहिए।
- गाड़ी के लोको पायलट व स्टेशन कर्मचारी के साथ नियमानुसार हैंड सिगनल मिलाना चाहिए।
- आग लग जाने पर, हाॅट एक्सल होने पर या अन्य असामान्य परिस्थितियों में लोको पायलट को खतरे का संकेत बताकर गाड़ी खड़ी करवानी चाहिए।
- समय पर चैक करना चाहिए कि लोको पायलट गाड़ी निर्धारित गति से चला रहा है या नहीं।
- जहाँ आवश्यक हो वहाँ गाड़ी का बचाव पटाखे लगाकर नियमानुसार करना चाहिए।
- डबल लाइन सेक्शन पर पासवाली लाइन से गुजरने वाली गाड़ी पर कड़ी निगरानी रखनी चाहिए तथा उसके लोको पायलट व गार्ड के साथ संकेतों का आदान प्रदान करना चाहिए।
- वैक्यूम गेज व एयर प्रेशर गेज को समय पर देखकर यह सुनिश्चित करते रहना चाहिए कि अन्त तक प्रेशर पहुँच रहा है या नहीं।
- जब आवश्यकता पड़े तो हैंड ब्रेक लगाकर गाड़ी को रोकने मे  लोको पायलट की मदद करनी चाहिए।
- यदि चलती हुई गाड़ी का विभाजन हो जाए तो लोको पायलट को सही हैड सिगनल दिखाकर गाड़ी के पिछले भाग को रोकने की कोशिश करनी चाहिए।

- अधिक भीड़ होने पर, जंजीर खींचे जाने पर, गाड़ी में हत्या हो जाने पर, किसी यात्री के मर जाने पर या अन्य असामान्य परिस्थितियों के समय नियमानुसार कार्यवाही करनी चाहिए।
- जहाँ आवश्यक हो, लोको पायलट को लिखित मे अधिकृत करना चाहिए।
- जिस स्टेशन पर गाड़ी रुके, वहाँ गाड़ी पूर्ण व सुरक्षित सुनिश्चित करने के बाद ट्रेन इन्टेक्ट रजिस्टर मे गाड़ी आगमन का समय लिखकर हस्ताक्षर करने चाहिए।
- यह सुनिश्चित करते रहना चाहिए कि लोको पायलट द्वारा सतर्कता आदेश का पालन किया जा रहा है।
- जहाँ आवश्यक हो फ्लैग स्टेशन पर टिकट की बुकिंग करनी चाहिए व निर्धारित समय पर गाड़ी रवाना करने हेतु लोको पायलट को संकेत देना चाहिए।
- यात्रा के दौरान साइट लाइट की स्थिति को गाड़ी संचालन के अनुसार बदलनी चाहिए।
- रास्ते में कोच/वैगन जोड़ने या काटने के बाद व्हीकल गाइडेंस को सही करते रहना चाहिए।
- रोड साइड स्टेशन पर शंटिग कार्य का सुपरविजन करना चाहिए।
- ब्लाॅक सेक्शन से गाड़ी पुश बैक करते समय ब्रेकवान से लोको पायलट को लगातार हैंड सिगनल दिखाने चाहिए।
- गाड़ी जब किसी समपार फाटक से या किसी लाइन पर कार्य कर रही गैंग के पास से गुजरे तो पीछे मुड़कर देखना चाहिए कि वहाँ से किसी प्रकार का कोई हैंड सिगनल तो नहीं दिखाया जा रहा है।
- ब्लाॅक सेक्शन में गाड़ी के किसी कटिंग या गुफा से गुजरने के बाद लोको पायलट को आॅल राइट सिगनल देना चाहिए।
- किसी स्टेशन पर अन्य गाड़ी को प्राथमिकता दी जा रही हो और गार्ड कहीं व्यस्त न हो तो पीछे से होने वाला संचालन सुरक्षित है इसे सुनिश्चित करना चाहिए।

<u>गन्तव्य स्टेशन पहुँचने पर</u>

- यह सुनिश्चित करना चाहिए कि गाड़ी पूरी है व फाउलिंग मार्क साफ करके खड़ी है। यदि फाउलिंग मार्क साफ न हो तो स्टेशन मास्टर को सूचना देनी चाहिए तथा ट्रेन इन्टेक्ट रजिस्टर मे इसकी प्रविष्टि करनी चाहिए और पीछे की ओर से आने वाली किसी भी गाड़ी को रोकने के लिए तैयार रहना चाहिए।
- सभी संबंधित मदों की प्रविष्टि गार्ड रफ जर्नल एवं कम्बाइन्ड ट्रेन रिपोर्ट मे करनी चाहिए।
- कम्बाइन्ड ट्रेन रिपोर्ट बनाकर लोको पायलट को देनी चाहिए।
- व्हीकल गाइडेस स्टेशन मास्टर या गाड़ी बाबू को सौप देनी चाहिए।
- यदि रनिंग लाइन पर ढलाइन हो तो इंजन को गाड़ी से अलग करने से पूर्व डिब्बो के आवश्यक मात्रा मे हैंड ब्रेक लगा देने चाहिए।
- लगेज एवं पार्सलो को संबंधित कर्मचारी को सौप देने चाहिए।
- यदि रास्ते में किसी डिब्बे या वैगन मे कोई खराबी महसूस हुई हो तो उसकी रिपोर्ट बनाकर संबंधित कर्मचारी को देनी चाहिए।
- जो सामान स्टेशन पर जमा करवाना हो उसे जमा करवाकर स्टेशन मास्टर से अनुमत लेकर ‘क्योस्क’ पर या आॅफ ड्यूटी रजिस्टर मे हस्ताक्षर कर आॅफ ड्यूटी करनी चाहिए।